| क्रम | प्रखण्ड / नगर निकाय का नाम | पंचायत / वार्ड संख्या | आरक्षण कोटिवार रिक्ति की संख्या | | | | | | | कुल रिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अ0पि0 वर्ग | पि0वर्ग | पि0वर्गों की महिलाएँ | अनारक्षित | आ0रूप से कमजोर वर्ग | |
| 15 | खुसरूपुर | अलावलपुर | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- | 01 | ----- | 01 |
| 16 | खुसरूपुर | बैकटपुर | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- | 02 | ----- | 02 |
| 17 | खुसरूपुर | हैबतपुर | ----- | ----- | ----- | ----- | 01 | ----- | 01 | 02 |
| 18 | दनियावां | दनियावां | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- | 01 | ----- | 01 |
| 19 | दनियावां | खरभैया | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- | 01 | ----- | 01 |
| 20 | दनियावां | शाहजहांपुर | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- | 02 | ----- | 02 |
| कुल | | | 00 | 00 | 06 | 00 | 02 | 26 | 04 | 38 |

नोट :– सामान्य प्रशासन विभाग, पटना के संकल्प संख्या–963 दिनांक–20.01.2016 द्वारा राज्य की सभी सेवाओं में सभी स्तर एवं सभी प्रकार के पदों पर सीधी नियुक्ति में सभी वर्गो की महिलाओं हेतु 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया गया है। अंतिम चयनित सूची में यदि महिलाओं का 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का कोटा पूर्ण नहीं होता है तो जिस वर्ग विशेष (आरक्षित / गैर आरक्षित) में महिलाओं की संख्या में कमी होगी उस कोटि में 35 प्रतिशत की सीमा तक इसे पूरा करने के लिए मेधा कम में न्यूनतम स्थान वाले पुरूष अभ्यर्थियों को उतनी संख्या में हटाया जायेगा, जिससे कि 35 प्रतिशत की महिलाओं की आरक्षण सीमा पूरी हो जाय। महिलाओं के लिए प्रावधानित 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के कम में चयन के प्रक्रिया एवं रोस्टर बिन्दु निर्धारण के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, पटना के परिपत्र संख्या–2342 दिनांक–15.02.2016 में प्रावधानों को विस्तार से वर्णित किया गया है, जिसका अनुपालन किया जायेगा।

उपरोक्त वर्णित कोटिवार रिंक्तियों के विरूद्ध जन वितरण प्रणाली के अन्तर्गत उचित मूल्य की दुकान की नई अनुज्ञप्ति निर्गत करने हेतु विहित प्रपत्र में अनुसूची–1 एवं 2 (जो लागू हो) में सुयोग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन पत्र दिनांक–01.06.2026 से दिनांक –30.06.2026 तक प्रत्येक कार्य दिवस में (10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक) निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा **"अनुज्ञापन प्राधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी, जिला– पटना बिहार, पिन कोड– 800007"** के पते पर स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 30.06.2026 के अपराह्न 05:00 बजे के पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह विज्ञापन सी0डब्लु0जे0सी0 सख्या– 16760 / 2023 गौरव कुमार एवं अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य तथा संबद्ध सभी अन्य मामलो में दिनांक 20.06.2024 को माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध राज्य सरकार द्वारा माननीय सर्वोच्य न्यायालय, नई दिल्ली में दायर एस0एल0पी0 मे पारित आदेश के फलाफल से यह प्रभावित होगा।

जन वितरण प्रणाली विक्रेता के इस नियुक्ति हेतु निर्धारित अवधि से पूर्व में दिये गये सभी आवेदन अमान्य किये गये हैं। वैसे इच्छुक आवेदक जो उचित मूल्य की नई अनुज्ञप्ति प्राप्त करना चाहते है, उन्हें इस विज्ञापन के तहत निर्धारित अवधि में आवेदन समर्पित करना होगा।



Scanned with OKEN Scanner

